# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


प्रेस विज्ञप्ति

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दीपावली महापर्व का उल्लासपूर्ण समारोह

दिनांक : 17 अक्टूबर 2025

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में दीपों का पावन पर्व दीपावली बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों की झिलमिल रोशनी, रंग-बिरंगी सजावट और विद्यार्थियों के उल्लास से आलोकित हो उठा। प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा पाँचवीं तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुई। कक्षा चार की छात्रा हर्षा मिश्रा ने दीपावली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। तदोपरांत प्री-नर्सरी एवं प्रेप के नन्हे विद्यार्थियों ने एक मनमोहक नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने दीपावली पर्व की पौराणिक कथा को आकर्षक ढंग से दर्शाया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र अर्श भारद्वाज ने रामायण की कथा पर आधारित भक्ति भाव से परिपूर्ण गीत “हम कथा सुनाते” प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। इसके बाद कक्षा तीसरी, चौथी और पाँचवीं के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से मंच पर रंग बिखेर दिए और दर्शकों की भरपूर तालियाँ बटोरीं।

इस अवसर पर विद्यालय में रचनात्मक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं जिनमें प्री -नर्सरी , नर्सरी एवं प्रेप के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कक्षा एक से तीन के लिए दिया सजावट प्रतियोगिता तथा कक्षा चौथी एवं पाँचवीं के लिए रंगोली प्रतियोगिता शामिल हैं। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनशीलता और सौंदर्यबोध का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुश्री याशी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से यह प्रेरक संदेश दिया कि अंततः सद्गुणों की विजय होती है और बुराई पर अच्छाई का ही वर्चस्व रहता है।

कार्यक्रम में शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर, शैक्षणिक समन्वयक श्री रवि शेखर तथा जूनियर विंग इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और बढ़ा दी। जूनियर विंग के इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा ने इस अवसर पर एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे संसार के लिए ज्योतिर्मय दीपक बनें और अपने देश को गौरवान्वित करें। साथ ही, उन्होंने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


**Press Release**

# Diwali Celebration at Oxford Public School on 17.10.25

Oxford Public School, Ranchi celebrated Diwali- the festival of lights with immense enthusiasm and fervour. The students of classes Pre-Nursery to Class V participated in the programme with their wholehearted cooperation and zeal. Artistic drawings, self-decorated diyas and vibrant rangolis by the students added to the festive spirit. Competitions were held for the same to infuse a sense of pride in our cultural heritage. The students of Classes Pre-Nursery to Prep drew colourful diyas while students of classes I and II adorned their hand-painted diyas. Students of Classes III, IV and V participated in a rangoli making competition where the creative expression of students was worth admiring.

A special assembly was held to commemorate this auspicious occasion. This programme initiated with the powerful rhetoric of Harsha Mishra, a student of Class IV who spoke on the religious significance of this pious day. Arsh Bharadwaj, a diligent student of the school gave a melodious rendition of the song ‘Hum Katha Sunate Hain’ on the life of Lord Rama. It was truly mesmerising and enchanting. A picturesque dance drama was showcased by the tiny tots of Classes Pre-Nursery to Prep depicting the mythological story of Ramayana and when and how the festival of Diwali started. The students of Classes III, IV and V exhibited their dancing skills and enthralled the spectators. The entire programme was effortlessly anchored by Miss Yashi Srivastava a dedicated teacher of the school. Watching the programme was a joyful experience with students witnessing how eventually good triumphs over evil resurrecting the belief in good virtues and good actions.

The programme was a resounding success with the gracious presence of the Academic Director Dr. Simi Mehta, the Principal Mr Ranjeet Kumar Thakur, the Academic Coordinator Mr Ravi Shekhar and the Junior Wing Incharge Mr Rajkishore Sharma. A heartwarming speech was given by the Incharge of the Junior Wing Mr Rajkishore Sharma who appreciated the enthusiasm of the students and the guidance of the teachers of the school. He requested the students to take pledge in order to be’ the light’ for the world and to make our country proud. He wished everyone a happy and safe Diwali. The programme concluded with the rendition of the National Anthem.